कार्यालय : प्रधान महालेखाकार (ले.व ह.) नागालैण्ड, कोहिमा

राजभाषा हिंदी की गतिविधियाँ (2019-20)

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठकें :- वर्ष 2019-20 के दौरान उप महालेखाकार (ले.व ह.) की अध्यक्षता में प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के बाद वाले माह के 20 तारीख से पूर्व, नियमानुसार 4 विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (वी.रा.का.स.) की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में सभी अनुभागों के सम्बंधित वरिष्ठ लेखाधिकारियों, लेखाधिकारियों, सहायक लेखधिकरियों, पर्यवेक्षकों की उपस्थित रहे।

हिंदी कार्यशालाएँ :- वर्ष के दौरान प्रत्येक तिमाही पर कुल 4 (दो दिवसीय) हिंदी कयाशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें कुल 20 अधिकारियों एवं 75 कर्मचरियों को नामांकित किया गया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) बैठकें :- यह कार्यालय नराकास, कोहिमा के अध्यक्ष कार्यालय भी है तथा कोहिमा स्थित केंद्रीय कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, अर्ध-सैनिक बालों, स्वायत्त निकायों एवं विद्यालयों के कर्यलाय प्रमुखों को लेकर कुल 35 सदस्य कार्यालय हैं। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार वर्ष के दौरान दो छमाही बैठकों (दिनांक:-17/7/2019 एवं 18/12/2019 को) का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधान महालेखाकार, नागालैण्ड, कोहिमा श्री ई.म्होन्बेमो पटोन के द्वारा किया गया। बैठकों में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के सभी विन्दुओं के निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्ति हेतु अनेक महत्वापूर्ण चर्चा के साथ-साथ आवश्यक निर्णय भी लिए गए । इसी बैठक में हिंदी पखवाडा एवं वार्षिक हिंदी पत्रिका के प्रकाशन के संबंध में भी निर्णय लिए जाते हैं।

हिंदी पखवाड़े का आयोजन :- 17/7/2019 को आयोजित नराकास की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयानुसार 3 सितम्बर से 18 सितम्बर तक हिंदी पखवाडा का आयोजन किया गया। पखवाड़े का उद्घाटन समारोह उक्त सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों के उपस्थिति में नराकास, कोहिमा के अध्यक्ष श्री ई.म्होन्बेमो पटोन की अध्यक्षता में प्रधान महालेखाकार का कार्यालय के सभा गृह में सम्पन्न हुई। इसी मौके पर हिंदी व हिंदीतर भाषियों के लिए आयोजित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उक्त बैठक में लिए गए निर्णयानुसार पखवाड़े के दौरान नराकास के विभिन्न सदस्य कार्यालयों में हिंदी निबंध लेखन, टिप्पण व मसौदा लेखन, हिंदी शुतिलिपि, हिंदी अनुवाद, हिंदी प्रशासनिक शब्दावली, हिंदी फ़िल्मी व गैर फ़िल्मी गायन, हिंदी तत्कालिक वाचन प्रतियोगित हिंदी व हिंदीतर भाषियों के लिए अयोजित की गई जिसमें स्थानीय अधिकारियों/कर्मचारियों ने चढ़–चढ़ के भाग लिए। पखवाड़े का समापन समारोह नागालैण्ड, कोहिमा के लोकायुक्त माननीय न्यायाधीस श्री उमा नाथ सिंह के मुख्य अतिथि में स्टेट अकादमी हॉल, पी. आर. हिल कोहिमा में दिनांक 18/09/2019 को दोपहर एक बजे से भव्यता पूर्वक आयोजित की गई। समारोह का द्वीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा हुई। स्वागत गान के रूप में सरस्वती वंदना केंद्रीय विद्यालय के क्षात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई। नराकास, कोहिमा के अध्यक्ष एवं प्रधान महालेखाकार श्री ई.म्होन्बेमो पटोन द्वारा स्वागत भाषण के साथ-साथ हिंदी के विनिर्दिष्ट लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी सदस्य कार्यालयाध्यक्षों को अपील की गई। हिंदी दिवस के उपलक्ष पर माननीय केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा जारी संदेश का पाठ नागालैण्ड, कोहिमा के वरिष्ठ उप महालेखाकार श्री विवेक कुमार भास्कर द्वारा किया गया। पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में बिजाई प्रतिभागियों को योग्यता प्रमाण पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हिंदी वार्षिक पत्रिका "नागांचल" के सोलहवें अंक में चयनित तिन उत्कृष्ठ रचनाकारों को पशंसा पत्र व नगद पुरस्कार से

सम्मानित किया गया। वर्ष के दौरान राजभाष अधिनियम 1963/ राजभाषा नियम 1976 के प्रावधानों के अनुपालन तथा हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधित सराहनीय और उत्कृष्ठ कार्य के लिए चयनित सदस्य कार्यालयों को नराकास के अध्यक्ष द्वारा प्रोत्साहन स्वरुप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । इसके पश्चात सांस्कृतिक कायक्रम में सदस्य कार्यालयों के कलाकारों, केंद्रीय विद्यालयों के शिक्षकों व छात्रों तथा एन.ई.जेड.सी.सी.,दीमापुर के कलाकारों द्वारा हिंदी गायन व नृत्य प्रस्तुत किये जिसके चलते दर्शक बृंद कार्यक्रम के अंत तक मंत्र मुग्द हो कर आनंद लेते रहे। श्री विवेक कुमार भास्कर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। आयोजन का समापन विद्यालय के छात्रों के साथ-साथ सभी दर्शक वृन्द द्वारा "वन्देमातरम" गीत के साथ उत्साह जनक माहोल में सम्पन्न हुई।

हिंदी भाषा प्रशिक्षण :- हिंदी शिक्षण योजना के अंतगत हिंदी प्राध्यापक श्री प्रमोद रजक द्वारा वर्ष 2019-20 के दौरान दो सत्रों का प्रबोध/प्रवीण/प्राज्ञ एवं पारंगत कक्षाओं का गठन करके नियमित रूप से कक्षाएँ चलाई गई। 2019 के जनुवरी-मई सत्र में प्रबोध से 2 प्रवीण से 1 एवं प्राज्ञ से 4 प्रशिक्षार्थी पास हुए एवं जुलाई-नवंबर सत्र में 5 पशिक्षार्थी नामित हुए। राजभाषा विभाग द्वारा केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान/हिंदी शिक्षण योजना के माध्यम से नीलिट, मेरिमा, कोहिमा में 02 से 06 दिसंबर तक "कंप्यूटर पर हिंदी में कम करने के लिए आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम" का आयोजन भी सफलता पूर्वक किया गया।

हिंदी वार्षिक पत्रिका विमोचन :-प्रधान महालेखाकार (ले.व ह.) एवं (ले.प.) नागालैण्ड, कोहिमा के स्वत्वाधिकार में कोहिमा स्थित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन, प्रचार व प्रसार के उद्देश्य से प्रारम्भ किया गया हिंदी वार्षिक पत्रिका "नागांचल" का सत्रहवाँ अंक का लोकार्पण 18/09/2019 को आयोजित हिंदी पखावाड़े के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के कार कमलों द्वारा किया गया।